

हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

रविवार 22 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 52 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जीवन में शांति चाहते हैं तो दुसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें। क्योंकि पुरी दुनिया में कारपेट बिछाने से खुद के पैरों में चप्पल पहन लेना अधिक सरल है।

## डीएम ने चंडी स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का किया निरीक्षण, आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, चंडी, नालंदा ।** कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी, नालंदा ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान चंडी प्रखंड स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल चंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पॉलीहाउस, टनल, हाइड्रोपोनिक्स एवं एरोपोनिक्स इकाइयों में संचालित विभिन्न फसलों की उत्पादन प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि पॉली हाउस–01 (1332 वर्गमीटर) में रंगीन शिमला मिर्च (वोलांटी एफ1), पॉली हाउस–02 (1276 वर्गमीटर) में बीजरहित खीरा (बेरीकेट), टनल–01 (400 वर्गमीटर) में बीजरहित खीरा (काफिया), टनल–02 (520 वर्गमीटर) में चेरी टमाटर (नगमोती), टनल–03 (520 वर्गमीटर) में टमाटर (हिमसोहन) तथा टनल–04 (520 वर्गमीटर) में हरा शिमला मिर्च (इंटूडर) का उत्पादन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 1800 वर्गमीटर खुले क्षेत्र में पत्तागोभी (वंडरबाल), लाल पत्तागोभी (स्कारलेट), ब्रोकली (फैंटेसी) एवं लाल फूलगोभी (वेलेंटाइन) की खेती हो रही है। 1000 वर्गमीटर क्षेत्र में हाइड्रोपोनिक्स प्रणाली के तहत लेट्यूस (ताकी), बेसिल (एंजा जाडेन), आइसबर्ग (एंजा जाडेन), पाकचोई (नोंगवू) एवं सेलेरी (रीजुवान) का उत्पादन किया जा रहा है, जबकि 1500 वर्गमीटर एरोपोनिक्स इकाई में आलू (लेडी रोसेटा) की खेती की जा रही है।



जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि इस केंद्र में संरक्षित खेती (प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन ) के अंतर्गत उच्च्व गुणवत्ता वाली सब्जी फसलों का उत्पादन किया जाता है। यहां किसानों को पॉलीहाउस, टनल, हाइड्रोपोनिक्स एवं एरोपोनिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिससे वे उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर अधिक उत्पादन एवं बेहतर आय अर्जित कर सकें।निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण एवं विपणन व्यवस्था से संबंधित जानकारी डीएम को दी। जिला पदाधिकारी ने केंद्र में संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकें किसानों की आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को इन तकनीकों से जोड़ा जाए तथा उन्नत बागवानी पद्धतियों का व्यापक प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी सहित कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।



## नालंदा में रिश्वत कांड का बड़ा खुलासा – 50 हजार की डील में फंसे प्रभारी प्रधानाध्यापक, डीएम ने किया सस्पेंड

### अनुकंपा नियुक्ति में अवैध वसूली का मामला– प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। थरथरी (नालंदा)।** प्रखंड थरथरी अंतर्गत मध्य विद्यालय डीहा के प्रभारी प्रधानाध्यापक (विशिष्ट शिक्षक) अनिल कुमार के विरुद्ध अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के नाम पर अभ्यर्थियों से अवैध रूप से राशि वसूले जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। आरोप है कि उन्होंने फोन पे के माध्यम से 40,000 रुपये तथा 10,000 रुपये नगद की मांग कर राशि ली। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी, नालंदा ने उपलब्ध साक्ष्य एवं संबंधित दस्तावेजों के आधार पर प्रभारी प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निल. ंबित कर दिया है तथा उनके विरुद्ध विभ. ागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का आदेश दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सरकारी सेवक द्वारा अपने अधिकारिक कार्य के बदले रिश्वत की मांग करना बिहार सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत गंभीर कदाचार एवं भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में संबंधित कर्मी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।इसी क्रम में नालंदा जिला अंतर्गत अनुकंपा के आधार पर चयनित अथवा लंबित अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि यदि किसी कर्मी, पदाधिकारी या अन्य व्यक्ति द्वारा उनसे अवैध रूप से राशि (रिश्वत) की मांग की जाती है, तो वे सीधे जिला पदाधिकारी, नालंदा से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा को भी निर्देशित किया है कि कार्यालय की कार्यसंस्कृति में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करते हुए ऐसी व्यवस्था लागू की जाए, जिससे सभी प्रशासनिक कार्य पारदर्शी एवं त्वरित गति से समयबद्ध तरीके से संपादित हो सकें।

## स्कूली बस के इंजन में लगी आग, लोगों की मदद से आग पर पाया गया काबू, लखीसराय से राजगीर आ रही थी परिभ्रमण पर बस

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** गिरियक जाने वाली सड़क में आयुध निर्माणी के गेट नम्बर–2 उजरपुर गांव के पास शनिवार को स्कूली बस में आग लग गई। चालक के पास गियर बॉक्स से निकल रहे धुएं पर सबकी नजर पड़ी तब तक धुआं ने आग की लपटों का रूप ले चुका था। ड्राइवर सुबोध कुमार ने समय रहते बस को उजरपुर के रिहायशी इलाके में लाकर सड़क किनारे खड़ी कर दी। सभी बच्चों को बस से निकलने को कहा। हल्ला–गल्ला सुनकर आस–पड़ोस के घरों व संस्थान के लोगों ने बाहर आकर देखा तो पाया कि बस के अगले भाग के इंजन से धुआं के गुब्बार सहित आग की लपटें निकल रही है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना देकर राहत व बचाव करने में जुट गये। लोगों ने पानी डालना शुरू किया।



स्थानीय राहुल कुमार, संगम कुमार, विकास कुमार, सुरेंद्र कुमार, धनराज कुमार, अमरजीत कुमार, राहुल कुमार, उपेंद्र राजवंशी, मंटू कुमार, अनिल राजवंशी, पंकज कुमार सहित अन्य ने मिलकर एक बड़ी घटना होने से बचा लिया। बस के ड्राइवर सुबोध ने बताया कि वे लखीसराय के हल्सी थानाक्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय गेरुआ के 40 सदस्यीय बच्चों तथा शिक्षकों के साथ मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए राजगीर आ रहे थे। बस में हुई शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी।

## सरकारी खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का – मंत्री श्रवण कुमार



**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट। नूरसराय (नालंदा)।** शनिवार को नूरसराय प्रखंड कार्यालय के परिसर में ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने आपदा अनुग्रह अनुदान के तहत दो पीड़ित परिवार प्रहलाद नगर निवासी सरिता देवी व अजनौरा निवासी कमला देवी को चार चार लाख का चेक दिया। मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकारी खजाने पर आपदा पीड़ित परिवारों को पहला हक है। राज्य सरकार आपदा अनुग्रह अनुदान की राशि पीड़ित परिवार को देकर सहायता प्रदान कर रही है। मंत्री ने आपदा में हुई मृत्यु पर दुःखप्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। कहा कि सहायता अनुदान की राशि से परिवारों को आर्थिक मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि आपदा पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद के लिए बिहार सरकार कृत संकल्पित है।राज्य में स्वास्थ्य,सड़क,पुल, पुलिया,शिक्षा,कृषि सहित तमाम विभागों में विकास कार्य हो रहा है। मौके पर अंचला. धिकारी दीपक कुमार, ग्रामीण विकास पदा. धिकारी नीतीश कुमार पाठक,राजस्व अधिक. ारी देव कुमार,सीडीपीओ राजेश कुमार,नरेंद्र कुमार निराला, राकेश कुमार ,उपेंद्र प्रसाद,अविनाश कुमार निराला ,जनार्दन चंद्रवंशी,राजेश कुमार, चंद्रशेखर कुमार सहित अन्य मौजूद थे।




# नालंदा को कृषि यंत्र निर्माण में मॉडल जिला बनाने की पहल, चंडी में हुआ तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण

**केशववाणी अमर वर्माकी रिपोर्ट।**

चंडी, नालंदा। जिले में कृषि यंत्र निर्माण को नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रशासन ने ठोस पहल शुरू की है। कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में चंडी प्रखंड स्थित सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस चंडी में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) नालंदा के तत्वावधान में कृषि यंत्र निर्माताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण–सह–परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नालंदा में निर्मित कृषि यंत्रों को विश्वस्तरीय गुणवत्ता तक पहुंचाने की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले को कृषि यंत्र निर्माण के क्षेत्र में मॉडल जिला के रूप में विकसित करना उनका लक्ष्य है, ताकि स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता, प्रमाणित एवं प्रतिस्पर्धी उत्पाद तैयार किए जा सकें। जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. नितेश कुमार ने बताया कि इससे पूर्व 28 जनवरी 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजगीर में कृषि यंत्र निर्माताओं के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य स्थानीय निर्माताओं को पारंपरिक तकनीक से आगे बढ़ाकर आधुनिक 'इंडस्ट्री 4.0' की तकनीकों से जोड़ना था। उसी क्रम में यह उन्नयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में कृषि यंत्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विश्वस्तरीय तकनीक अपनाने, मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) लागू करने, सूक्ष्म स्तर



पर गुणवत्ता विश्लेषण, नवीनतम तकनीक का उपयोग, उत्पाद की बेहतरीन फिनिशिंग, डिजाइन पैरामीटर पर विशेष फोकस, "एग्री नूर" ब्रांड को प्रोत्साहन, अनुसंधान एवं विकास (R&D) को बढ़ावा, राजकोट एवं लुधियाना मॉडल की तर्ज पर उत्पादन, कठोर गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली, ISO एवं शून्य दोष प्रमाणन, डिजाइन कंसल्टेंसी की व्यवस्था, ITI विद्यार्थियों के बीच बिल्डथॉन प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म एवं GeM पर पंजीकरण, प्लग एंड प्ले सुविधा, रिवर्स इंजीनियरिंग, नालंदा आधारित तकनीक अपनाने तथा कंपोनेंट–वार सुधार पर विशेष बल दिया।उन्होंने सभी निर्माताओं को अपनी कार्ययोजना, क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं अवयव संबंधी रुचि की जानकारी प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया, ताकि क्लस्टर आधारित विकास को गति मिल सके। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, चंडी कृषि अभियंत्रण कॉलेज के प्राचार्य, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण, कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी तथा नालंदा जिले के लगभग 23 कृषि यंत्र निर्माता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से कृषि यंत्र निर्माण क्षेत्र में तकनीकी उन्नयन और गुणवत्ता सुधार की दिशा में नई ऊर्जा का संचार हुआ।




# भारत के मान-सम्मान के समर्थन में भाजपा युवा मोर्चा का विरोध मार्च, राहुल गांधी का पुतला दहन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट।**

**बिहारशरीफ (नालंदा)।** देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित AI Impact Summit के दौरान युथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा सुरक्षा घेरा तोड़कर किए गए प्रदर्शन को लेकर नालंदा में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस घटनाक्रम के विरोध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नालंदा के जिलाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाला गया। विरा.ेध मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया और देश के मान–सम्मान के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की नैतिक जिम्मेदारी कांग्रेस नेतृत्व, विशेषकर राहुल गांधी पर बनती है। उनका आरोप था कि विश्व पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास देशविरोधी मानसि. कता को दर्शाता है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस नेतृत्व से जवाब चाहती है कि क्या भारत को बदनाम करने का प्रयास जानबूझकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना के लिए सार्वज. निक रूप से माफी मांगी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का सम्मान सर्वोपरि है और इसके साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने इस घटना को अत्यंत शर्मनाक बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रा. जेश्वर सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेंद्र कुमार, नीरज कुमार (डब्ल्यू), तेजस्विता राधा, डॉ. आशुतोष कुमार, युवा मोर्चा के महामंत्री ललन पासवान, अमर राजपूत, सज्जन कुशवाहा, अमरकांत भारती, रीना कुमारी, रौशन कुमार यादव, आईटी सेल संयोजक अमित शान, राहुल कुमार, धीरज पाठक, मुन्ना पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 15 दिन से लापता विवाहिता का नहीं मिला सुराग, जांच में जुटी हरनौत पुलिस



**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट, हरनौत, नालंदा।** हरनौत थाना क्षेत्र के बस्ती गांव से एक 20 वर्षीय विवाहिता युवती के पिछले 15 दिनों से लापता होने का मामला सामने आया है। युवती की पहचान डौली कुमारी के रूप में की गई है, जो बीते 3 फरवरी को हरनौत बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन अब तक वापस नहीं लौटी है।युवती की मां शैला देवी ने इस संबंध में हरनौत थाना में लिखित आवेदन देकर प्रशासन से अपनी बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। उन्होंने चौनपुर गांव निवासी बालवीर पासवान के पुत्र बबी कुमार पर अपहरण का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि डौली कुमारी और बबी कुमार के बीच मोबाइल पर बातचीत हुआ करती थी।

मामले की जांच की जिम्मेदारी हरनौत थाना में तैनात एएसआई कृष्णा कुमार को सौंपी गई है। एएसआई कृष्णा कुमार ने बताया कि आरोपित बबी कुमार का ससुराल भी बस्ती गांव में ही है। वह फिलहाल दूसरे राज्य में रहकर काम करता है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच–पड़ताल कर रही है।बताया जाता है कि डौली कुमारी की शादी दो वर्ष पूर्व पटना सिटी थाना क्षेत्र के मथनी में हुई थी। पिछले लगभग छह माह से वह तबीयत खराब रहने के कारण अपने मायके बस्ती गांव में रह रही थी।

पुलिस का कहना है कि विवाहिता की तलाश जारी है और अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।









# मिशन हरियाली ने छात्रों के बीच 900 पौधों का किया वितरण

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता जरूरी - राजीव रंजन भारती

**केशववाणी । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर ।राजीव लोचन की रिपोर्ट,**

राजगीर (नालंदा)। मिशन हरियाली नूरसराय की ओर से शनिवार को विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के बीच पौधों का निरूशुल्क वितरण किया गया। अभियान के तहत अमरूद, कटहल, कचनार और गुलमोहर सहित कुल 900 पौधे वितरित किए गए। महादेवपुर, पिलखी सहित कई क्षेत्रों में पौधरोपण के लिए पौधे दिए गए। संस्था के संस्थ. ापक राजीव रंजन भारती ने कहा कि विश्व में पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है। प्राकृतिक संसाधन जैसे शुद्ध पानी और स्वच्छ हवा, जो कभी निरूशुल्क उपलब्ध थे, आज लोगों को खरीदने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव अपने भौतिक सुखों की पूर्ति के लिए अंधाधुंध पेड़–पौधों और जलस्रोतों को नष्ट कर रहा है, जो चिंताजनक है। पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक होना होगा। कार्यक्रम के दौरान केरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या बिंदु पी. कुरियाकोस ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने मिशन हरियाली की पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में समाज के लिए इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि राजीव रंजन भारती और उनकी टीम निरूशुल्क वृक्षारोपण कर समाज को प्रेरित कर रही है, जिससे अन्य लोगों को भी सीख लेने की जरूरत है। मिशन हरियाली की वॉलिंटियर दीप्ति कौशिक ने बताया कि राजगीर के लगभग सभी विद्यालयों में नि:शुल्क पौधा वितरण का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत अमरूद, कचनार, गुलमोहर, कटहल आदि के पौधे वितरित किए जा रहे हैं।






इस अवसर पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रोमिला दत्त सहित अभिषेक कुमार, फराह अंजुम, सौरभ सुमन, सत्यार्थ गौतम, किसलय कुमार, खुशबू कुमारी, नीतीश कुमार, अनिल लाल दास, सुदेश कुमार, सुमन कुमारी, गुड़िया कुमारी, बबिता कुमारी, तरन्नुम परवीन, इंदु प्रकाश चौधरी, नीलोफर परवीन, नुसरत प्रवीण, अर्चना रंजन, दीप्ति कौशिक, निशु कुमारी, कशिश कुमारी, कुमारी शशि, साइका प्रवीण, वजीहा एहतेशाम समेत अन्य शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।




# भाजपा नालंदा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित, संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर

**केशववाणी । शंकर कुमार की रिपोर्ट**

बिहार शरीफ (नालंदा)। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के नालंदा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा के प्रेस पैनलिस्ट सह प्रवक्ता मनीष पांडे उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षण शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठनात्मक मजबूती ही पार्टी की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने आगामी मार्च माह में सभी मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति और दायित्वों की समुचित जानकारी मिल सके। अध्यक्षीय संबोधन में राजेश कुमार ने संगठन की संरचना, कार्य प्रणाली एवं विस्तार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को अधिक सक्रिय और सशक्त बनाने, नियमित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए अनुशासन एवं समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की और सभी बूथों पर इसके सफल आयोजन के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में आईटी सेल संयोजक अमित शान ने "सरल" पोर्टल के माध्यम से कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा पार्टी की गतिविधियों को नियमित रूप से अपलोड करने की जानकारी दी। वहीं सोशल मीडिया संयोजक धीरज पाठक ने संगठन के डिजिटल सशक्तिकरण में सोशल मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेंद्र कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार, सुधीर सिंह, साबो देवी, नीरज कुमार (डब्ल्यू), महामंत्री वीरेंद्र गोप, शिव रतन प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर सिंह, जिला मंत्री प्रवीण सिंह, कंचन कुमारी सहित सभी मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक एवं मंच संयोजक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# दैली गांव के जोगना सूर्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व निकली भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट,।**

हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड क्षेत्र के नेहुसा पंचायत अंतर्गत दैली गांव स्थित जोगना के समीप लगभग 10 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य देव की आकर्षक प्रतिमा स्थापना को लेकर पांच दिवसीय भक्ति अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत 18 फरवरी को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुई थी। अनुष्ठान के चौथे दिन पालकी में सुसज्जित भगवान सूर्य देव की प्रतिमा को पहले मंडप की चारों दिशाओं में भ्रमण कराया गया, उसके बाद पूरे नगर में शोभायात्रा निकाली गई। गाजे–बाजे और भक्ति संगीत के बीच निकली इस शोभायात्रा में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। नगर भ्रमण के उपरांत प्रतिमा को पुनः मंदिर परिसर लाया गया, जहां विद्वान पंडितों द्वारा विधि–विधानपूर्वक पूजा–अर्चना संपन्न कराई गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वेदी पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

राजस्थान से पधारे आचार्य मुरलीधर पांडे ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से नवनिर्मित मंदिर में पांच दिवसीय नारायण महायज्ञ सह प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रातःकाल मंडप पूजन के बाद 84 कलशों से जड़ी–बूटियों युक्त पवित्र जल द्वारा भगवान सूर्य देव का स्नान कराया गया, जिसके पश्चात नगर भ्रमण संपन्न हुआ। आचार्य ने कहा कि त्रेता युग से भगवान सूर्य देव की पूजा होती आ रही है। उन्होंने बताया कि कलियुग में भी आरोग्य, निरोगता और सुख–शांति की प्राप्ति के लिए सूर्य देव की उपासना अत्यंत आवश्यक है। सूर्य देव को प्रत्यक्ष देवता एवं नारायण स्वरूप माना गया है। उन्होंने नई पीढ़ी से सनातन धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।





आयोजकों ने जानकारी दी कि 22 फरवरी को नवनिर्मित मंदिर में भगवान सूर्य देव की प्राण–प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मण कुमार, महंत देवेंद्र, प्रदीप महतो, रविकांत शर्मा, प्रमोद महतो, संजय, जीतू, पंकज, कारू, अनिल, रविंद्र, आनंदी, गजानंद, राजन, बिट्टू, कपिल, शत्रुघ्न सहित समस्त ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।






# जनगणना-2027 की तैयारी तेज, अपर समाहर्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की समीक्षा

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में जनगणना–2027 की पूर्व तैयारियों को लेकर प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक तैयारियों, दायित्व निर्धारण तथा समयबद्ध कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान स्लम क्षेत्रों में निर्मित मकानों की गणना एवं सूचीकरण, सभी नगर निकायों और प्रखंडों की वर्तमान सीमाओं का सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, राजस्व ग्रामों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने, एफटीएस एवं कोषांग गठन, विशेष क्षेत्रों से संबंधित सूचनाओं के संकलन तथा मानचित्र सत्यापन प्रतिवेदन दो दिनों के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अपर समा. हर्ता ने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी और सभी संबंधित पदाधिकारी निर्धारित समय–सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त सातवीं लघु सिंचाई गणना से संबंधित सूचनाओं को भी उसी दिन संबंधित पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया, ताकि आंकड़ों का संकलन समय पर सुनिश्चित हो




सके।बैठक में आलोकचंद्र चौधरी, वरीय उप समाहर्ता–सह–नोडल पदाधिकारी (जनगणना–2027), सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी तथा प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, पावापुरी रेफर

**केशववाणी।** अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)। राजगीर थाना क्षेत्र के आयुध फैक्ट्री रोड पर मोटरसाइकिल और एक चारपहिया वाहन के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल, राजगीर पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया। घायलों की पहचान नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत परविगहा निवासी लालू राजवंशी के 25 वर्षीय पुत्र अनुज राजवंशी तथा राजगीर थाना क्षेत्र के रामहरि पिंड निवासी दिलीप राजवंशी के 26 वर्षीय पुत्र रामाशीष राजवंशी के रूप में की गई है।बताया जाता है कि दोनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी आयुध फैक्ट्री रोड पर उनकी बाइक की चारपहिया वाहन से टक्कर हो गई। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# संगठन सृजन अभियान के तहत 22 फरवरी को अजनौरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** इंडियन नेशनल कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बूथ स्तर से जिला स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 22 फरवरी 2026 को अपराह्न 1 बजे नूरसराय प्रखंड के अजनौरा गांव में नालंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए नालंदा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने, बूथ कमिटियों के पुनर्गठन एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।उन्होंने बताया कि बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पर्यवेक्षक रणविजय सिंह लोचव के साथ–साथ प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक राजीव मेहता, राजीव मिश्रा एवं अभि. जीत सिंह उपस्थित रहेंगे। बैठक में नालंदा विध. ानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंड अध्यक्षों तथा पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। पार्टी नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

# फर्स्टक्राय इंटेलीटॉट्स प्रीस्कूल, मुरौरा हवेली का तीसरा वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

**केशववाणी डायमंड कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** फर्स्टक्राय इंटेलीटॉट्स प्रीस्कूल, मुरौरा हवेली का तीसरा वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अकादमी मैनेजर सईमा रश्मि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। नन्हे–मुन्ने बच्चों ने गीत, नृत्य और लघु नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों के आत्मविश्वास और उत्साह ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता भी देखने को मिली। विद्यालय के संचालक प्रकाश दीप ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण मंच होता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धति के साथ–साथ नैतिक मूल्यों और रचनात्मक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि बच्चों का बौद्धिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास सुनिश्चित हो सके।



मुख्य अतिथि सईमा रश्मि ने विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं बच्चों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# मुख्यमंत्री के समक्ष 24 फरवरी को रसोइयों का प्रदर्शन, मानदेय वृद्धि व एनजीओ हटाने की मांग

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** सरकारी विद्यालयों में कार्यरत रसोइया 24 फरवरी को राजधानी पटना स्थित गर्दनीबाग में मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगी। यह प्रदर्शन बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ (ऐक्टू) के आह्वान पर आयोजित किया जा रहा है। इसकी जानकारी संघ की मह. ासचिव सरोज चौबे ने प्रेस वार्ता के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन की प्रमुख मांगों में मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) योजना से एनजीओ को बाहर करना, रसोइयों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देना, मानदेय बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रतिमाह करना तथा चारों श्रम कोड कानूनों को रद्द करना शामिल है। महासचिव ने कहा कि बिहार में रसोइयों की संख्या लगातार घट रही है। पांच वर्ष पूर्व जहां इनकी संख्या लगभग ढाई लाख थी, वहीं दो वर्ष पहले यह घटकर दो लाख तीस हजार रह गई। हाल में विधानसभा में शिक्षा मंत्री के वक्तव्य के अनुसार अब यह संख्या करीब दो लाख रह गई है। इसे चिंताजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि रसोइयों की बहाली बंद है और एनजीओ को बढ़ावा देने की नीति के कारण कई रसोइयों को समय से पहले विभिन्न कारणों से कार्यमुक्त किया जा रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि रसोइयों को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, ड्रेस, मातृत्व अवकाश अथवा विशेष अवकाश जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं। चुनाव से पहले मानदेय बढ़ाया गया था, लेकिन अब नियमित रूप से भुगतान तक नहीं हो रहा है। साथ ही रसोइयों से अतिरिक्त कार्य जैसे विद्यालय परिसर की सफाई और शौचालय में पानी डालने जैसे कार्य भी कराए जाते हैं। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि एनजीओ के माध्यम से आपूर्ति किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है, जिससे बच्चों में भोजन के प्रति अरुचि देखी जा रही है। उन्होंने व्यवस्था में व्यापक अनियमितता और भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। संघ की ओर से चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार ने मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# नालंदा में जीविका कर्मियों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित, कौशल विकास के विभिन्न आयामों पर हुआ मंथन

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** कौशल विकास के विभिन्न आयामों एवं उसके लाभों पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नालंदा जिले में जीविका की ओर से किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जीविका कर्मियों को कौशल विकास की बारीकियों से अवगत कराना तथा जिले के युवाओं को रा. ेजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा करना था।

कार्यक्रम में बताया गया कि जीविका द्वारा पिछले लगभग 20 वर्षों से जिले के सभी प्रखंडों में बेरोजगार युवक एवं युवतियों को तकनीकी एवं गैर–तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस पहल के तहत हर वर्ष सैकड़ों युवाओं को न केवल बिहार बल्कि अन्य राज्यों एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक संजय प्रसाद पासवान ने कहा कि सामान्य शिक्षा प्राप्त कर चुके युवाओं को अपने कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि युवा अपनी क्षमता को निखारें और प्रशिक्षण प्राप्त करें, तो वे केवल नौकरी ही नहीं बल्कि स्वरोजगार के क्षेत्र में भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं।



कार्यशाला में RSETI के निदेशक राजीव वर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि जीविका के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है, जिसका लाभ जिले के सैकड़ों युवा उठा रहे हैं। कार्यक्रम में जीविका की ओर से जिला परियोजना प्रबंधक श्री संजय प्रसाद पासवान, संचार प्रबंधक श्री संतोष कुमार, कृषि प्रबंधक श्री अनुराग कुमार, स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधक श्री नूरुल होदा, संस्थागत प्रशिक्षण प्रबंधक श्री रामपुकार एवं कौशल विकास प्रबंधक श्री संतोष कुमार सहित सभी प्रखंडों से आए जीविका कर्मी उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से कौशल विकास को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

BP
Shri Sai
Mob:- 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)